# 11 विकासखंडों में होगा कृषि रथ का संचालन

## जिले में कृषि रथ का शुभारंभ, रवींद्र भवन में हुआ किसान संगोष्ठी का आयोजन, प्रतिदिन लगभग तीन से चार पंचायतों में होगा भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. कृषक कल्याण वर्ष घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में किसानों को कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों की नवीनतम तकनीकी जानकारी एवं योजनाओं से जोड़ने तथा खरीफ की तैयारी हेतु कृषि रथ अभियान का शुभारंभ हुआ.**

इस अभियान के अंतर्गत 16 मई से 30 मई तक जिले की सात विधानसभाओं के अंतर्गत कुल 11 विकासखंडों में कृषि रथ का संचालन किया जाएगा. प्रतिदिन लगभग तीन से चार पंचायतों में भ्रमण कर कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि विभाग एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं, तकनीकी सलाह एवं नवाचारों की जानकारी प्रदान की जाएगी. जिले में रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय सांसद लता वानखेड़े, मुख्य आतिथ्य विधायक शैलेंद्र जैन व प्रदीप लारिया के विशिष्ट आतिथ्य में एवं जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत की अध्यक्षता में हुआ. सांसद, विधायकों द्वारा विकासखंड सागर व राहतगढ़ के कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर शुभारंभ किया गया. चंद्रभान यादव जिला उपाध्यक्ष किसान संघ व प्रगतिशील किसानों में कोमल पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे.



कृषि रथ अभियान का उद्देश्य जिले के किसानों तक सीधे पहुंचकर उन्हें आधुनिक खेती, नवाचार, शासन की योजनाओं तथा कृषि आधारित आय-वृद्धि के उपायों की जानकारी देना है। इस कृषि रथ में उपस्थित तकनीकी दल, कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं प्रगतिशील किसान किसानों को खेती से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे. अभियान के दौरान गांव-गांव जाकर किसानों को फसल उत्पादन, बीज चयन, मृदा स्वास्थ्य, कीट-रोग नियंत्रण, पोषक तत्व प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन एवं कृषि यंत्रीकरण जैसी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत कहा कि सिंचाई विस्तार एवं जल संसाधन प्रबंधन किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की. सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा कि किसानों को पुरातन कृषि पद्धतियों से अच्छी तकनीक को अपनाने आधुनिक कृषि तकनीकों से स्वयं को अपडेट रहने को. कृषि रथ को रवाना किए जाने के पश्चात रविंद्र भवन, सागर में आयोजित तकनीकी सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया. इस तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय विशेषज्ञों द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की तैयारी, उन्नत बीज, उर्वरक प्रबंधन, रोग-कीट नियंत्रण एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई. कृषि रथ अभियान में कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता विभाग की सक्रिय सहभागिता रहेगी.

# जल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. नगर पालिका परिषद मकरोनिया के सभाकक्ष में विधायक प्रदीप लारिया के मुख्य आतिथ्य में मकरोनिया एवं कर्रापुर निकायों की जल प्रदाय व्यवस्था तथा नल-जल हर घर जल योजना की प्रगति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में विधायक श्री लारिया ने जल प्रदाय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने नपा मकरोनिया में वर्तमान जल सप्लाई दर, वितरण व्यवस्था तथा नगर निगम एवं मकरोनिया के मध्य पूर्व से संचालित जल आपूर्ति प्रणाली की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्थिति का परीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.



विधायक श्री लारिया ने कहा कि जिन वार्डों में जल आपूर्ति संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां रेगुलेशन व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए वाल्व संचालन एवं तकनीकी सुधार के माध्यम से नियमित जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने एमपीयूडीसी एवं नगर पालिका मकरोनिया को संयुक्त अभियान चलाकर जल वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए. बैठक में जलकर वसूली को प्रभावी बनाने हेतु अमृत मित्र योजना के माध्यम से विशेष अभियान संचालित करने, टाटा कंपनी द्वारा घर-घर संपर्क कर बकाया जलकर की वसूली सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए. इसके साथ ही नगर पालिका मकरोनिया, एमपीयूडीसी एवं टाटा प्रोजेक्ट के संयुक्त संचालन हेतु नगर पालिका कार्यालय में एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित करने पर सहमति बनी. विधायक श्री लारिया ने पूर्व में नगर निगम सागर द्वारा नगर पालिका मकरोनिया को हस्तांतरित 5180 जल कनेक्शनों की अमानत राशि के संबंध में पत्राचार करने के निर्देश दिए.

# पुल से नीचे गिरी बाइक

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. सानौधा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. हादसा सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर स्थित साजली पुल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट नीचे जा गिरी. हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.**

मृतक की पहचान पंकज पिता बालकिशन लड़िया निवासी धर्माश्री के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार पंकज किसी निजी काम से सागर से गढ़ाकोटा की ओर जा रहा था. वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 15 एमपी 9476 से निकला था. इसी दौरान साजली पुल पर पहुंचते ही उसकी बाइक अचानक असंतुलित हो गई और पुल से नीचे गिर गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक पुल की रेलिंग के पास अनियंत्रित हुई, जिसके बाद युवक सीधे नीचे जा गिरा. पुल की ऊंचाई अधिक होने के कारण युवक को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही सानौधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया.

## कार पकड़ी गई

**सागर.** सिविल लाइन थाना पुलिस ने चांदी के आभूषणों से भरी एक कार को पकड़ लिया. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार में करीब 21 किलो चांदी मौजूद थी, जबकि कारोबारी केवल 15 किलो चांदी के ही दस्तावेज और बिल प्रस्तुत कर सके. जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक एमपी 13 एजी 1340 यूनिवर्सिटी रोड से पथरिया जाट क्षेत्र की ओर जा रही थी. इसी दौरान पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी. कार की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस ने वाहन का पीछा कर उसे रोक लिया.

# नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण : कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चकराघाट से कांग्रेस ने मसाल जुलूस निकाला. जो चकराघाट तीन बत्ती होते हुए कटरा जामा मस्जिद पर समाप्त हुआ.**

कांग्रेस का यह मशाल जुलूस नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण से विद्यार्थियों के भविष्य से हुए खिलवाड़ को लेकर था. जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि इस घटना से लाखों विद्यार्थियों के सपने जहां टूटे वहीं उनके अभिभावकों की मेहनत पर पानी भर गया जिनके जिनके बच्चे रात-रात भर जाग कर सुनहरे भविष्य के लिए रात में पढ़ाई कर रहे थे. जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने कहा कि बूढ़े मां-बाप कर्ज करके अपने बच्चों की सुनहरे भविष्य के लिए चौबीसों घंटे मेहनत कर अपने बच्चों को रात-रात भर जगा-जगा कर पढ़ाई करवा रहे थे लेकिन नीट पेपर लीक प्रकरण से उन अभिभावकों की उम्मीद पर कुठाराघात हो गया.




मशाल जुलूस के दौरान अधिकतर कांग्रेसी काले लिबास में नजर आए एवं पोस्टर फ्लेक्स में विद्यार्थियों के भविष्य से हुए खिलवाड़ नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के खिलाफ अपने हाथों में फ्लेक्स लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे. इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, श्रीमति रेखा चौधरी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, मुकुल पुरोहित, अमित रामजी दुबे, रामकुमार पचौरी, आशीष ज्योतिषी, पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, शैलेंद्र तोमर, रमाकांत यादव, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, संदीप सबलोक, अवधेश तोमर, कमलेश तिवारी, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, विनीत जैन, रवि सोनी, संदीप चौधरी, राकेश राय, विजय साहू, पार्षद रिचा सिंह, नीलोफर अंसारी, शशि जाटव सुलेखा राय, ताहिर खान, शिवशंकर यादव, दीपक दुबे, भैयन पटेल, महेश अहिरवार, लीलाधर सूर्यवंशी, देवेंद्र कुर्मी, जितेंद्र रोहण, नीलेश अहिरवार, जितेंद्र चौधरी, किरण लता सोनी, अर्चना कनौजिया, मीना पटेल, पवन पटेल, श्रीदास रैकवार, गोपाल प्रजापति, कल्लू पटेल, हेमंत लारिया, पवन जाटव, चक्रेश रोहित, आनंद अहिरवार, बंटी कोरी ,समीर खान ,नौशाद अब्बासी, निलेश जैन, अरविंद ठाकुर, दिनेश पटैरिया, नरेश सनकत, जाहिद ठेकेदार, फिरदौस कुरैशी, सुरेश पंजवानी, उमर खान, शोएब कुरैशी, रेखा सोनी, अजय अहिरवार मौजूद थे.

# दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां पूर्ण

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 17 मई रविवार से होने जा रहा है.**

प्रशिक्षण वर्ग को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए. प्रशिक्षण वर्ग को आकर्षक स्वरूप देने के लिए कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला. मुख्य मार्ग से लेकर कार्यक्रम स्थल तक भाजपा के झंडे, बैनर एवं स्वागत द्वारों से पूरे मार्ग को सजाया गया है. पूरे परिसर को भाजपा के रंग में रंगते हुए कार्यकर्ताओं ने समूचे वातावरण को भाजपामय बना दिया है. निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी वैभव कुकरेले ने आवास, भोजन, बैठक व्यवस्था, पंजीयन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की.



जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पदाधिकारियों से समय पर पहुंचकर प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने की अपील की. जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रातः 9बजे से प्रारंभ होगा. इस अवसर पर मनीष चौबे, जगन्नाथ गुरैया, चैन सिंह ठाकुर, चेतराम अहिरवार, विक्रम सोनी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, आलोक केशरवानी, अमित बैसाखिया, नीरज यादव, शालीन सिंह हेमंत पचौरी, भूपेंद्र नामदेव,बालकिशन सोनी, नमन समैया, श्रीराम रिछारिया, हरिओम भट्ट आदि मौजूद थे.

## सट्टे के खिलाफ कार्रवाई

**सागर.** थाना मोतीनगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार थाना मोतीनगर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बीजासेन मंदिर के पास एक युवक मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन वेबसाइट पर आईपीएल मैच में हार-जीत का दांव लगाकर सट्टा संचालित कर रहा है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी.पूछताछ में आरोपी ने नाम रंजीत सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी पुरव्याऊ टौरी थाना कोतवाली बताया गया.

# जैन महिला परिषद द्वारा कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. श्री शांतिनाथ भगवान के जन्म, तप, मोक्ष कल्याणक पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मरुदेवी संभाग, सद्भावना शाखा,बालक हिल व्यू द्वारा शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में लाडू बनाया एवं चढ़ाया गया.**

इसके पूर्व श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर के आठ दिवसीय शिविर के दौरान समस्त शिवरार्थियों का परिषद की सद्भावना शाखा सदस्य श्रीमती प्रियंका जैन द्वारा कराया गया. उपरोक्त शिविर में द्वय विद्वत भैया श्री अर्पित भैया जी एवं श्री श्रेयांश भैया को सद्भावना शाखा सचिव डाली जैन के निवास पर सद्भावना शाखा द्वारा सम्मानित किया गया. द्रव्य संग्रह की परीक्षा में प्रथम संध्या बड़कुल, द्वितीय सोनल जैन, तृतीय रश्मि जैन को सम्मानित किया गया. झांकी संत पंथ भेदभाव रहित जैन धर्म प्रभावना झांकी को पुरस्कृत व सद्भावना शाखा पदाधिकारियों को महावीर स्वामी निर्वाण उत्सव आयोजक गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर समिति द्वारा अध्यक्ष रश्मि जैन, सचिव डाली चौधरी, अमिता जैन को सम्मानित किया.




# जंगल में पेड़ से लटका मिला शव

नवभारत न्यूज

**गौरझामर16 मई. ग्राम चिरई के जंगल में उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका देखा.**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू की. शुरुआती जांच में पता चला कि शव करीब चार से पांच दिन पुराना था, जिसके चलते वह बुरी तरह सड़-गल चुका था. शव की हालत खराब होने के कारण तत्काल उसकी पहचान नहीं हो सकी. जानकारी के अनुसार, गांव का एक व्यक्ति जंगल की ओर गया था. इसी दौरान उसकी नजर पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी। उसने तुरंत गांव के लोगों और पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलते ही गौरझामर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की, लेकिन मौके पर मृतक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई. मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच शुरू की. इसी दौरान केसली थाना क्षेत्र के रामखेरी गांव से राकेश लोधी नाम के युवक की गुमशुदगी दर्ज होने की जानकारी सामने आई. परिजनों ने शव की पहचान 35 वर्षीय राकेश लोधी पिता बलराम लोधी निवासी रामखेरी के रूप में की. पहचान होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. थाना प्रभारी नासिर फारूकी ने बताया कि युवक की पहचान कर ली गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

## गर्मियों में मस्ती

**बंडा.** वर्तमान में पहली से लेकर 12वीं तक के छात्रों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां चल रही है. छोटे बच्चों की मौज मस्ती देखने को मिलती है. छुट्टियों के समय छोटे बच्चे विशेष रूप से ननिहाल मौसा मौसी, मामा मामी के यहां ज्यादा जाना पसंद करते हैं. खुरई से एक परिवार के बच्चे ननिहाल में मौज मस्ती करते हुए देखे गए. उसमें से एक निजी स्कूलों में पढ़ने वाली ऐश्वर्या उपाध्याय जो छठवीं पड़ेगी उससे पूछा कि तुम को कौन-कौन से गेम अच्छे लगते हैं उसने बताया कि क्रिकेट , खो खो, लुका छुप्पी पिट्ठू इन सब में थोड़ा समय देने के पश्चात कोचिंग क्लास लगाने में ज्यादा रुचि रहती है. ऐश्वर्या ने बताया कि हमें जैसे टीचर पढ़ाते हैं वैसे ही छोटे बड़े समान रूप से खेलने वाले बच्चों को खेल-खेल में कोचिंग पढ़ाने में बहुत ही मजा आता है.

# पूर्व पार्षद की कार में हुई तोड़फोड़

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत केशवगंज वार्ड में पूर्व पार्षद की कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है. अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी कार का पिछला शीशा फोड़ दिया. पीड़िता ने मामले की शिकायत थाना मोतीनगर में दर्ज कराते हुए रंजिशन वारदात किए जाने की आशंका जताई है.**

जानकारी के अनुसार केशवगंज वार्ड निवासी एवं पूर्व पार्षद सरोज साहू की आल्टो कार क्रमांक एमपी 15 सीबी 7739 रोज की तरह रात में घर के बाहर खड़ी थी. शनिवार सुबह जब वे घर से बाहर निकलीं तो कार का पिछला कांच टूटा मिला. तोड़फोड़ देखकर परिवार के लोग दहशत में आ गए.



पूर्व पार्षद सरोज साहू ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वार्ड की राजनीति और पुराने विवादों के चलते कुछ लोग उनसे रंजिश रखते हैं. आशंका जताई जा रही है कि उन्हीं लोगों ने देर रात वारदात को अंजाम दिया है, घटना के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने कुछ नहीं देखा. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे अब पुलिस जांच का अहम आधार बन सकते हैं. पीड़िता ने बताया कि फुटेज देखने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधित लोग उस समय सो रहे थे, जिससे तत्काल रिकॉर्डिंग नहीं मिल सकी. उन्होंने पुलिस से कैमरों की फुटेज जब्त कर आरोपियों की पहचान करने की मांग की है. मामले में थाना मोतीनगर पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है.



# वट सावित्री व्रत पूजन कर पति की लंबी आयु की कामना की

नवभारत न्यूज

**बीना 16 मई. शहर में वट सावित्री व्रत और शनि जयंती का त्यौहार मनाया गया.**

ब्रह्म मुहूर्त में राधे राधे प्रभात मंडल मां जागेश्वरी धाम से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो थाने के पीछे से सर्वोदय चौक महावीर चौक से होती हुई रेलवे झांसी फाटक के पास स्थित शनि मंदिर पहुंची. जहां पर शनि महाराज की पूजा अर्चना की गई एवं बट वृक्ष के नीचे महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की. शनि अमावस्या एवं बट सावित्री व्रत के उपलक्ष्य पर मंदिरों में भी विशेष पूजा की जा रही है. क्षेत्र के झांसी फाटक स्थित शनि मंदिर, बड़ा मंदिर स्थित शनि मंदिर, पीतांबरा शक्ति पीठ शनि आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है. शनि जयंती पर पूजा करने से दूर हो जाती हैं परेशानीआज शुभ योग में शनि जयंती का पर्व मनाया जा रहा है. शनि देव की कृपा और शनि दोष से मुक्ति के लिए शनि जयंती का पर्व बड़ा महत्व रखता है.

शनि मंदिर के पुजारी पुजारी निखिल जोशी ने बताया कि शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने और शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और महादशा से मुक्ति के लिए शनि जयंती की शाम को कुछ विशेष उपाय करने चाहिए. इन उपाय से ना सिर्फ आपको शनि दोष और आर्थिक समस्याओं से मुक्ति मिलेगी, बल्कि शनिदेव की कृपा से जीवन में आ रही अड़चन भी दूर होगी. शाम को पीपल के पेड़ के नीचे पांच तिल या सरसों के तेल का दीपक जलाना चाहिए.

**अभियान** — आईएमए सागर का रहली में विशेष अभियान

# बढ़ते प्रदूषण के बीच अस्थमा जागरुकता पर स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मई. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रहली में अस्थमा जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही. शिविर का मुख्य उद्देश्य अस्थमा के लक्षणों, उपलब्ध जांचों, उपचार एवं बचाव के उपायों के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाना था. इस अवसर पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि वायु प्रदूषण, धूल एवं वातावरण में उपस्थित हानिकारक कण अस्थमा के मामलों में वृद्धि के प्रमुख कारण हैं. उन्होंने बताया कि इनहेलर का सही एवं नियमित उपयोग अस्थमा अटैक के खतरे को लगभग 80 प्रतिशत तक कम कर सकता है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समाज में प्रचलित यह धारणा कि इनहेलर की आदत पड़ जाती है अथवा यह नुकसानदायक हैं, पूर्णतः भ्रांतिपूर्ण है. उन्होंने जानकारी दी कि विश्वभर में लगभग 262 मिलियन लोग अस्थमा से प्रभावित हैं तथा प्रतिवर्ष 4.5 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु इस बीमारी के कारण होती है. कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वालों को आईएमए की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. डॉ. बसंत नेमा ने अतिथियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया.




## नियमों की अनदेखी

**सागर.** नगरीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन नहीं किए जाने का मामला सामने आया है. पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा है कि फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका एवं वार्ड स्तर पर सार्वजनिक स्थानों पर प्रकाशन नहीं किया गया,जिससे आम मतदाताओं को जानकारी प्राप्त करने में परेशानी हो रही है. पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत से शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की जांच कराने तथा जिम्मेदारों पर कार्वाई किए जाने की मांग की है.


**सूचना**

हम अपने सम्मानित ग्राहकों, इंटरमीडियरीज़ (मध्यस्थों) और आम जनता को सूचित करना चाहते हैं कि, तल मंज़िल, यादव कॉम्प्लेक्स, 10 सिविल लाइंस, एक्सिस बैंक के पास, **सागर - 470 001, मध्य प्रदेश** स्थित हमारे शाखा कार्यालय को नीचे दिए नए स्थल पर स्थानांतरित कर रहे हैं. नई शाखा सर्विसिंग के लिए 2 से 3 महीनों के अंदर खुलेगी. आपसे रिन्यूअल्स और दावा संबंधी सहायता सहित अपनी पॉलिसी के लिए उपलब्ध सेवाएँ हासिल करने हेतु इस पर ध्यान देने और स्थानांतरित शाखा कार्यालय की जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारी वेबसाइट www.icicilombard.com पर विजिट करने या IL take care ऐप डाउनलोड करने का निवेदन किया जाता है.

**नया पता (स्थानांतरण)**
दूसरी मंज़िल, यादव कॉम्प्लेक्स,
10 सिविल लाइंस, एक्सिस बैंक के पास,
सागर - 470 001, मध्य प्रदेश.

**पुराना पता (बंद होनेवाला)**
तल मंज़िल, यादव कॉम्प्लेक्स,
10 सिविल लाइंस, एक्सिस बैंक के पास,
सागर - 470 001, मध्य प्रदेश.

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी के लिए

सभी संबंधित से आग्रह है कि इस बात का ध्यान रखें.

अधिकृत हस्ताक्षरिती

ICICI Lombard
GENERAL INSURANCE

कॉर्पोरेट पता: आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड हाउस, 414, पी. बालू मार्ग, ऑफ वीर सावरकर मार्ग, सिद्धी विनायक मंदिर के पास, प्रभादेवी, मुंबई 400 025. बीमा आग्रह की विषय वस्तु है. ऊपर दर्शाया ट्रेड लोगो आईसीआईसीआई बैंक तथा नॉर्थब्रिज फायनांशियल कॉर्पोरेशन से संबद्ध है और लायसेंस के अंतर्गत आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जीआईसी लि. द्वारा प्रयोग किया जा रहा है. आईआरडीए रजि. नं. 115. • टोल फ्री नं.: 1800 2666. फैक्स नं. 02261961323. सीआईएन L67200MH2000PLC129408. वेबसाइट: www.icicilombard.com. ईमेल: customersupport@icicilombard.com